न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्य प्रदेश, ग्वालियर

समक्ष– आशीष श्रीवास्तव,
सदस्य

निगरानी प्रकरण कमांक 3217–तीन/2013 विरूद्ध आदेश दिनाक 27–7–2013 अपर आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा के प्रकरण कमांक 369/अपील/2011–2012

चन्द्रपाल सिंह पिता श्री राजाराम सिंह
निवासी ग्राम झलवार, तहसील सेमरिया, जिला रीवा म0 प्र0

..........आवेदक,

विरूद्ध

बाबूलाल सिंह पिता श्री राममिलन सिंह
निवासी ग्राम झलवार तहसील सेमरिया, जिला रीवा म0 प्र0

.........अनावेदक

श्री अशोक सिंह, अभिभाषक आवेदक
श्री रमाकान्त पटेल, अभिभाषक, अनावेदक

:: आ दे श ::

(आज दिनांक 1/12/15 को पारित)

यह निगरानी प्रकरण कमांक 3217–तीन/13 राजस्व मण्डल में म.प्र. भू–राजस्व संहिता, 1959 (जिसे संक्षेप में सहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के अंतर्गत अपर आयुक्त, रीवा के प्रकरण कमांक 969/अपील/11–12 में पारित आदेश दिनांक 27–7–13 के विरूद्ध दायर हुआ है ।

2/ प्रकरण का संक्षेप इस प्रकार है । प्रकरण में विवाद ग्राम झलवार की आराजी नंबर 792/1 रकबा 0.324, 841/1क रकबा 0.369, 554/1क रकबा 0.123, 1598/1क रकबा 0.265 कुल किता 4 रकबा 0.812 हैक्टेयर से संबंधित है । तहसीलदार सेमरिया, जिला रीवा द्वारा उनके प्रकरण कमांक 111 अ27/08–09 में